राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

“ट्रेनिंग कोर्स फोर मिनिस्ट्रियल स्टाफ”

कोर्स रिपोर्ट

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार “ट्रेनिंग कोर्स फोर मिनिस्ट्रियल स्टाफ” विषय पर 03 दिवसीय कोर्स दिनांक 20.12.2017 से 22.12.2017 तक आयोजित किया गया है।

इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 45 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। इस कोर्स के कोर्स डायरेक्टर श्री संजीव नैन, सहायक निदेशक (प्रशासन) ने कोर्स की प्रस्तावना के साथ कोर्स की शुरूआत की व कार्यालय की विविध कार्यप्रणालियों एवं नियमों के बारे में बताया।

प्रशिक्षण कार्य कार्यक्रम की अवधि प्रातः 10.00 से सांय 05.30 तक रही है, जिसमें ऑफिस प्रोसिजर विषय पर लेखा, वित्त, संस्थापन एवं अन्य नियमों की जानकारी दी गई, ई प्रोक्योरमेन्ट, ई टेण्डरिंग, कार्यालय में विविध फाइलों को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जानकारी विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई।आमंत्रित अतिथि व्यख्याताओं में मंत्रालयिक सेवा के

सेवानिवृत एवं मौजूदा विशेषज्ञों ने उपस्थित होकर व्याख्यान दिये एवं अपने अनुभव प्रशिक्षणार्थियों से साझा किये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस में श्री महेन्द्र कौशिक, संस्थापन अधिकारी (से.नि.) ने ऑफिस प्रोसिजर एण्ड डीलिंग ऑफ पेपर्स विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कोर्स के चतुर्थ सत्र में श्री अभय सोनी, सूचना सहायक, एनसीआरबी, जयपुर ने ई प्रोक्योरमेन्ट विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में श्री सुशील कुमार तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी आरपीए, जयपुर ने राजस्थान मिनिस्टेयल स्टाफ रूल्स, फाइलिंग सिस्टम इन मेन्टीनेन्स ऑफ रिकॉर्ड विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कोर्स के द्वितीय सत्र में श्री लक्ष्मण सिंह मण्डा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (से.नि.) ने सीसीए रूल्स, विभिन्न जांचों की प्रक्रिया, विभिन्न अवकाश आदि विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।कोर्स के तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में श्री होशियार सिंह, कन्ट्रोलर फाइनेन्स, सर्व शिक्षा अभियान, जयपुर ने आरटीपीपी एक्ट एण्ड रूल्स विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृत्तीय दिवस के प्रथम सत्र में श्री सुशील कुमार तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी, श्री बाबूलाल वर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं श्री नरेश वर्मा, कनिष्ठ लेखाकार, आरपीए, जयपुर ने वेरियस एकाउण्ट रूल्स विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कोर्स के द्वितीय सत्र में श्री योगेन्द्र बागडा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने आरटीपीपी पोर्टल एवं प्रोसेस ऑफ स्टेट प्रोक्योरमेन्ट विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण में शामिल समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया गया। कोर्स के अंतिम दिवस दिनांक 22.12.2017, शुक्रवार को 03:00 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन-समारोह अकादमी स्थित कॉन्फ्रेन्स हॉल नं. 03 में किया गया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किये गये।